**फा.सं. डीजीटी-ई-12013/1/2020- हिन्दी (ई-35478)**
**भारत सरकार**
**प्रशिक्षण महानिदेशालय**
**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय**
**(राजभाषा अनुभाग)**
*******

7वाँ तल, कौशल भवन,
न्यू मोती बाग, नई दिल्ली-110023
दिनांक: 18 अगस्त, 2026

**परिपत्र**

**विषयः प्रशिक्षण महानिदेशालय में 18 से 30 सितम्बर, 2026 तक "राजभाषा हिन्दी प्रयोग-प्रोत्साहन पखवाड़ा" के दौरान प्रतियोगिताओं का आयोजन - तत्संबंधी।**

सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से प्रशिक्षण महानिदेशालय में दिनांक 18 से 30 सितंबर, 2026 तक "राजभाषा हिन्दी प्रयोग-प्रोत्साहन पखवाड़ा" मनाने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें प्रशिक्षण महानिदेशालय के सभी हिन्दी और हिन्दीतर भाषी नियमित अधिकारी/कर्मचारी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिताओं का विस्तृत विवरण नीचे दिया गया हैः

| क्र.सं. | प्रतियोगिता का नाम | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | हिन्दी निबंध प्रतियोगिता (सभी के लिए) | 18 सितंबर, 2026 (शुक्रवार) | 3.00 बजे से 4.30 बजे (अपराह्न) |
| 2. | हिन्दी शब्द ज्ञान और वाक्यांश प्रतियोगिता (सभी के लिए) | 21 सितंबर, 2026 (सोमवार) | 3.00 बजे से 4.30 बजे (अपराह्न) |
| 3. | हिन्दी आशुवाक (भाषण) प्रतियोगिता | 23 सितंबर, 2026 (बुधवार) | 3.00 बजे से 4.30 बजे (अपराह्न) |
| 4. | हिन्दी अनुवाद प्रतियोगिता | 25 सितंबर, 2026 (शुक्रवार) | 3.00 बजे से 4.30 बजे (अपराह्न) |
| 5. | हिन्दी टिप्पण/आलेखन प्रतियोगिता | 28 सितंबर, 2026 (सोमवार) | 3.00 बजे से 4.30 बजे (अपराह्न) |
| 6. | कंप्यूटर पर टंकण प्रतियोगिता (संविदा पर कार्यरत सभी डेटा एंट्री ऑपरेटरों के लिए) | 29 सितंबर, 2026 (मंगलवार) | 3.00 बजे से 4.30 बजे (अपराह्न) |
| 7. | पत्र लेखन और स्लोगन प्रतियोगिता (केवल एमटीएस के लिए) | 30 सितंबर, 2026 (बुधवार) | 3.00 बजे से 4.30 बजे (अपराह्न) |

2. हिन्दी टिप्पण व आलेखन प्रतियोगिता हिन्दी भाषा-भाषी और हिन्दीतर भाषा-भाषी, दोनों के लिए संयुक्त रूप से आयोजित की जाएगी । हिन्दीतर वर्ग में वे प्रतियोगी शामिल होंगे **जिनकी मातृभाषा 'ग' क्षेत्र में शामिल राज्यों व संघ राज्य क्षेत्रों में बोली जाने वाली भाषाएं हैं।** हिंदीतर भाषा-भाषी प्रतियोगियों के लिए प्रश्नोत्तरों के मूल्यांकन में 20% की वरीयता दी जाएगी। आशुवाक (भाषण) प्रतियोगिता में प्रतियोगी स्वयं बॉक्स से एक पर्ची निकालेंगे और उसी विषय पर बोलेंगे, जिसके लिए उन्हें 3 मिनट का समय दिया जाएगा और 2 मिनट का समय पूरा होने पर समय का ध्यान दिलाया जाएगा। इस प्रतियोगिता के प्रतियोगियों का मूल्यांकन उसी समय निर्णायक-मंडल द्वारा किया जाएगा और मौके पर ही परिणाम घोषित किए जाएंगे।

3. उपरोक्त सभी 07 प्रतियोगिताओं के लिए निम्नलिखित पुरस्कार प्रदान किए जाएंगेः-

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रथम पुरस्कार | - | 5000/- रुपए (एक) |
| 2. द्वितीय पुरस्कार | - | 3000/- रुपए (एक) |
| 3. तृतीय पुरस्कार | - | 2000/- रुपए (एक) |
| 4. प्रोत्साहन पुरस्कार | - | 1000/- रुपए (दो) |

4. प्रशिक्षण महानिदेशालय तथा इसके संबद्ध कार्यालयों के सभी नियमित अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपने सरकारी कामकाज में मूल रूप से हिन्दी के प्रयोग को बढ़ाने में सहयोग दें। अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे संलग्न प्रोफार्मा में अपना नामांकन हिन्दी अनुभाग को दिनांक 16 सितंबर, 2026 तक अवश्य भिजवा दें ताकि प्रतियोगिताओं के आयोजन संबंधी अपेक्षित व्यवस्था की जा सके। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले उच्च अधिकारियों के नामांकन उनके प्रधान निजी सचिवों/ निजी सचिवों द्वारा भेजे जा सकते हैं। नामांकन हिन्दी अनुभाग की वे ईमेल- rajbhasha-section@dgt.gov.in पर भी भेजे जा सकते हैं।

5. प्रतियोगिताओं में भाग लेने की कतिपय शर्तें हैं जो **अनुलग्नक** में दी गई हैं।

संलग्नकः यथोक्त।

(मनीष झा)
उप निदेशक (राजभाषा)

सेवा में,

प्रशिक्षण महानिदेशालय के सभी अधिकारियों/स्कंध/अनुभागों को इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र के बारे में अपने अधीन कार्यरत सभी कर्मचारियों को अवगत करा दें।

**प्रतिलिपि सूचनार्थः**

1. महानिदेशक (प्रशासन) के प्रधान निजी सचिव।
2. उप महानिदेशक (प्रशासन) के प्रधान निजी सचिव।
3. उप सचिव (प्रशासन) के निजी सचिव।

**<u>अनुलग्नक</u>**

**<u>"राजभाषा हिन्दी प्रयोग-प्रोत्साहन पखवाड़ा" के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेने की कतिपय शर्तें</u>**

1. हिन्दी पखवाड़े की प्रतियोगिताओं में मुख्यालय के सभी नियमित अधिकारी/कर्मचारी भाग ले सकते हैं।
2. टंकण प्रतियोगिता राजभाषा (हिन्दी) अनुभाग (कौशल भवन, सातवाँ तल) में आयोजित की जाएगी।
3. हिंदीतर भाषा-भाषी प्रतियोगियों के लिए प्रश्नोत्तरों के मूल्यांकन में 20% की वरीयता दी जाएगी।
4. प्रतियोगियों की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकनकर्ता / निर्णायक का निर्णय अंतिम होगा तथा **इस संबंध में किसी भी प्रकार के अभ्यावेदन या दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।**
5. अपरिहार्य कारणों से किसी भी प्रतियोगिता की तारीख एवं समय में परिवर्तन किया जा सकता है जिसकी सूचना यथा समय दे दी जाएगी।
6. राजभाषा अनुभाग में कार्यरत/तैनात अधिकारी/कर्मचारी इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के पात्र नहीं हैं।
7. किसी भी प्रतियोगी को इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल आदि का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं होगी।

*****

# प्रोफार्मा

| | |
|---|---|
| नाम | |
| पदनाम | |
| अनुभाग/प्रभाग/प्रकोष्ठ | |
| मातृभाषा | |
| मोबाईल नंबर | |
| मेल-आईडी | |
| प्रतियोगिता/प्रतियोगिताओं के नाम, जिसमें/जिनमें भाग लेना है | 1. ............................................................<br>2. ............................................................<br>3. ............................................................<br>4. ............................................................<br>5. ............................................................<br>6. ............................................................<br>7. ............................................................ |

नामः.........................................................

हस्ताक्षरः...................................................